RAF SECTOR

NEWS CLIP

20/02/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik Bhaskar(Sikar,Raj.)

रैफ और पुलिस के बीच चिरपरिचित अभ्यास

फतेहपुर. लोकसभा चुनावों के मध्य नजर मंगलवार को केन्द्रीय गृह मंत्रालय के आदेशानुसार रैपिड एक्शन फोर्स व कोतवाली थाना पुलिस के चिर परिचित अभ्यास करवाया गया। उप सहायक कमांडेट लखमीचन्द्र व सहायक कमांडेट विजय सिंह के नेतृत्व में इलाके की जनसंख्या, संवेदनशील जगह, सारक्षता, निरक्षर सामुदायिक दृष्टि से संवेदनशील जगहों पर विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा संबंधी सूची तैयार करने पर चर्चा हुई। इससे भविष्य में किसी प्रकार की कोई प्राकृतिक आपदा या सांप्रदायिक तनाव या दंगा की स्थिति निर्मित हो तो उस पर नियंत्रण किया जा सके। इसका उद्देश्य आगामी लोकसभा चुनावों में लोगों को निर्भीक होकर मतदान के लिए जागरूक करना है। इस दौरान एसएचओ राजेन्द्र यादव रैपिड एक्शन फोर्स व पुलिस के जवान मौजूद थे।

Dainik Bhaskar(Sikar,Raj.)

लक्ष्मणगढ़. परिचय अभ्यास के दौरान रेपिड एक्शन फोर्स की प्लाटून व राजस्थान पुलिस।

आंतरिक सुरक्षा की समीक्षा और आपात हालात से निबटने के लिए किया अभ्यास

रेपिड एक्शन फोर्स ने कई जगह किया पुलिस के साथ परिचय अभ्यास

भास्कर न्यूज | लक्ष्मणगढ़

आंतरिक सुरक्षा की समीक्षा व आपात स्थिति पर त्वरित नियंत्रण के लिए रेपिड एक्शन फोर्स द्वारा राजस्थान पुलिस के साथ परिचय अभ्यास मंगलवार को स्थानीय पुलिस थाने में किया गया। रेपिड एक्शन फोर्स की सी/83 बटालियन के प्लाटून के उप कमांडर लखमीचंद मीणा व सहायक कमांडर विजय सिंह मीणा ने बताया कि केन्द्रीय गृह मंत्रालय के आदेशानुसार सीकर जिले के विभिन्न थानों में जाकर पुलिस के साथ परिचय अभ्यास कराया जा रहा है। मीणा ने बताया कि बल द्वारा समय समय पर ऐसे परिचय अभ्यास आयोजित होता है। जिससे किसी भी आपात स्थिति, साम्प्रदायिक तनाव व अशांति की स्थिति में तुरंत पहुंचकर कारागार ढंग से नियंत्रण किया जा सके। इसके अलावा बल द्वारा सामाजिक सरोकार के अंतर्गत वृक्षारोपण, योगाभ्यास, स्वच्छता, सामाजिक जागरूकता, मैत्री मैचों का भी आयोजन कर समाज में सद्भाव कायम रखने का प्रयास करती है। बल द्वारा 24 फरवरी तक सीकर जिले के विभिन्न थानों में जाकर परिचय अभ्यास अभियान चलाया जाएगा। इस अवसर पर डीएसपी बृजमोहन असवाल, थानाधिकारी रामरूप मीणा सहित थाना स्टाफ व बल के जवान उपस्थित रहे।

रामगढ़-शेखावाटी | लोकसभा चुनाव व कस्बे में शांति व्यवस्था के लिए कस्बे के मुख्य बाजार में आरपीएफ की टीम द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। थानाधिकारी घासीराम मीणा ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनावों और कानून व्यवस्था के लिए आरपीएफ की टीम के 60 सदस्यों के द्वारा मुख्य बाजार में फ्लैग मार्च किया।

फतेहपुर | लोकसभा चुनावों के मद्देनजर जयपुर से आई आरएएफ टीम ने कोतवाली थाने से विभिन्न जानकारी जुटाई। रेपिड एक्शन फोर्स की सी 83 बटालियन प्लाटून के उपकमांडर लखमीचंद और सहायक कमांडेंट विजय सिंह मीणा ने बताया कि लोकसभा चुनाव, विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा, प्राकृतिक आपदा, दंगा आदि की जानकारियां जुटाई।

Photos of Deployment/Fam-Ex /Medical Camp By RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।